# विद्यार्थी परिषद का अलंकरण समारोह सफलतापूर्वक सम्पन्न

भाकली, 7 अगस्त: शिक्षा मंत्रालय (भारत-सरकार) द्वारा संचालित पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, भाकली में दिनांक 7 अगस्त को विद्यालय की विद्यार्थी परिषद (Student Council) का अलंकरण समारोह उत्साहपूर्वक सम्पन्न हुआ। यह आयोजन विद्यालय के विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, उत्तरदायित्व एवं अनुशासन जैसे गुणों के विकास के उद्देश्य से किया गया।

इस गरिमामयी अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य एवं मुख्याध्यापक की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही। समारोह में विद्यालय के ललित (XII-A ) मुख्य छात्र (Head Boy), और चंचल XII-B मुख्य छात्रा (Head Girl) तथा सभी सदनों के छात्र अध्यक्षों को उनके पद की शपथ दिलाई गई। विद्यार्थियों ने पूर्ण उत्साह एवं गंभीरता के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने का संकल्प लिया।

इस कार्यक्रम में विद्यालय के सभी शिक्षक एवं विद्यार्थी भी उपस्थित रहे, जिन्होंने नवनियुक्त परिषद के सदस्यों का उत्साहवर्धन किया और कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया।

प्राचार्य महोदय ने नवनियुक्त छात्र परिषद को संबोधित करते हुए कहा कि, "एक अच्छा नेता वह होता है जो दूसरों को साथ लेकर चले। यह परिषद न केवल विद्यालय के अनुशासन को बनाए रखने में सहयोग करेगी, बल्कि विद्यार्थियों की आवाज़ को भी मंच प्रदान करेगी"

मुख्याध्यापक महोदय ने भी परिषद के सदस्यों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

कार्यक्रम के अंत में विद्यालय गीत के साथ समारोह का समापन हुआ। यह आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

